# मदद के लिए हमेशा आपके साथ

अपने उत्पाद का पंजीकरण करें और यहां समर्थन प्राप्त करें
www.philips.com/support

प्रश्न?
Philips से
संपर्क करें

HTB7150K




# उपयोगकर्ता पुस्तिका

PHILIPS

# विषय-सूची

1 मदद और समर्थन 2
ऑनस्क्रीन मदद का उपयोग करें (उपयोगकर्ता मैन्युअल) 2
ऑनस्क्रीन मदद नेविगेट करें 2

2 महत्वपूर्ण 3
सुरक्षा 3
अपने उत्पाद की देखभाल 4
पर्यावरण की देखभाल 4
3D स्वास्थ्य चेतावनी 4

3 आपका होम थिएटर 5
रिमोट कंट्रोल 5
मुख्य इकाई 6
कनेक्टर्स 7

4 कनेक्ट और सेट करें 9
स्थान नियोजन 9
TV से कनेक्ट करें 9
ऑडियो को TV और अन्य डिवाइसेज़ से कनेक्ट करें 10
EasyLink (HDMI-CEC नियंत्रण) सेट करें 11
होम नेटवर्क कनेक्ट करें और सेट करें 12

5 अपने होम थिएटर का उपयोग करें 14
होम मेनू तक पहुँच प्राप्त करें 14
डिस्क 14
डेटा फ़ाइलें 16
USB संग्रहण डिवाइसेज़ 17
ऑडियो, वीडियो और चित्र विकल्प 17
रेडियो 18
MP3 प्लेयर 19
iPod या iPhone 19
स्मार्टफ़ोन नियंत्रण 20
इंटरनेट रेडियो 21
एकाधिक दृश्य 22
DLNA के द्वारा PC ब्राउज़ करें 22
कराओके 23
ध्वनि का चयन करें 24

6 सेटिंग्स परिवर्तित करें 26
भाषा सेटिंग्स 26
चित्र और वीडियो सेटिंग्स 26
ऑडियो सेटिंग्स 26
अभिभावक नियंत्रण सेटिंग्स 27
प्रदर्शन सेटिंग्स 27
ऊर्जा बचत सेटिंग्स 27
स्पीकर सेटिंग्स 27
डिफ़ाल्ट सेटिंग्स पुनर्स्थापित करें 28

7 सॉफ़्टवेयर का अद्यतन करें 29
सॉफ़्टवेयर संस्करण जाँचें 29
USB के द्वारा सॉफ़्टवेयर अद्यतन करना 29
इंटरनेट के द्वारा सॉफ़्टवेयर अद्यतन करें 30
ऑनस्क्रीन मदद को अपडेट करें 30

8 अपने होम थिएटर को दीवार पर लगाएँ 31
वॉल माउंट 31

9 उत्पाद विनिर्देशन 32

10 समस्या निवारण 36

11 सूचना 38
कॉपीराइट 38
ओपन सोर्स सॉफ़्टवेयर 38
RMVB अंतिम उपयोगकर्ता अनुबंध (केवल एशिया प्रशांत और चीन) 38
अनुपालन 39
ट्रेडमार्क्स 39

12 भाषा कोड 41

13 अनुक्रमणिका 42

# 1 मदद और समर्थन

Philips विस्तृत ऑनलाइन समर्थन प्रदान करता है. हमारी वेबसाइट www.philips.com/support पर जाएँ:

- पूर्ण उपयोगकर्ता मैन्युअल डाउनलोड करें
- त्वरित प्रारंभ मार्गदर्शिका मुद्रित करें
- वीडियो प्रशिक्षण सामग्रियाँ देखें (केवल कुछ निश्चित मॉडल्स के लिए ही उपलब्ध)
- अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (FAQs) के उत्तरों में से उत्तर ढूँढें
- हमें प्रश्न ईमेल करें
- हमारे समर्थन प्रतिनिधि के साथ चैट करें.

अपनी भाषा का चयन करने के लिए वेबसाइट पर निर्देशों का अनुसरण करें और फिर अपना उत्पाद मॉडल नंबर दर्ज करें.
वैकल्पिक रूप से, आप अपने देश में Philips उपभोक्ता सेवा से संपर्क कर सकते हैं. Philips से संपर्क करने से पहले, अपने उत्पाद का मॉडल नंबर और क्रमांक संख्या नोट कर लें. अपने उत्पाद के पिछले या निचले भाग पर आपको यह जानकारी प्राप्त हो सकती है.

## ऑनस्क्रीन मदद का उपयोग करें (उपयोगकर्ता मैन्युअल)

आसान पहुंच के लिए, ऑनस्क्रीन मदद (उपयोगकर्ता मैन्युअल) को आपके होम थिएटर पर संग्रहीत किया गया है.
ऑनस्क्रीन मदद में दो पैनल हैं.

- बाएँ पैनल में दो टैब हैं - सामग्रियाँ और अनुक्रमणिका. किसी विषय का चयन करने के लिए सामग्रियाँ या अनुक्रमणिका को नेविगेट करें. सामग्रियाँ प्रदर्शित करने के लिए उपयोग किए गए लेजेंड निम्न अनुसार हैं:
  - ▶ : उपविषयों को विस्तृत करने के लिए OK दबाएँ.
  - ▼ : उपविषयों को संक्षिप्त करने के लिए OK दबाएँ या किसी विषय का चयन करने के लिए नेविगेशन बटन (ऊपर/नीचे) दबाएँ.
- बाएँ या दाएँ फलक के बीच जाने के लिए, नेविगेशन बटन (बायाँ/दायाँ) दबाएँ.
- दाएँ पैनल में चयनित विषय की सामग्री शामिल होती है. सामग्री पर अतिरिक्त मदद हेतु, संबंधित शीर्षक देखने के लिए पृष्ठ को नीचे स्क्रॉल करें.

ऑनस्क्रीन मदद का चयन करने और नेविगेट करने के लिए होम थिएटर रिमोट कंट्रोल का उपयोग करें. (देखें 'ऑनस्क्रीन मदद नेविगेट करें' पृष्ठ पर 2)

## ऑनस्क्रीन मदद नेविगेट करें

ऑनस्क्रीन मदद का उपयोग करने के लिए अपने रिमोट कंट्रोल पर कोई बटन दबाएँ.

| बटन | क्रिया |
|---|---|
| HELP | ऑनस्क्रीन मदद तक पहुँचें या बाहर निकलें. |
| OK | चयनित पृष्ठ प्रदर्शित करें या सामग्रियाँ में उपविषयों को विस्तृत करें. |
| नेविगेशन बटन | ऊपर: ऊपर स्क्रॉल करें या पिछले पृष्ठ पर जाएँ.<br>नीचे: नीचे स्क्रॉल करें या अगले पृष्ठ पर जाएँ.<br>दाएँ: दाएँ पैनल या अगली अनुक्रमणिका प्रविष्टि पर नेविगेट करें.<br>बाएँ: बाएँ पैनल या पिछली अनुक्रमणिका प्रविष्टि पर नेविगेट करें. |
| ↩ BACK | सामग्री या अनुक्रमणिका पर जाएं.<br>दाएँ पैनल से सामग्री को बाएँ पैनल पर ले जाएँ. |
| ⏮ (पिछला) | इतिहास में अंतिम देखा गया पृष्ठ प्रदर्शित करें. |
| ⏭ (अगला) | इतिहास से अगला पृष्ठ प्रदर्शित करें. |

# 2 महत्वपूर्ण

अपने उत्पाद का उपयोग करने से पहले सभी निर्देशों को पढ़ और समझ लें. यदि निर्देशों का अनुसरण करने में विफलता के कारण नुकसान हुआ है, तो वारंटी लागू नहीं होती.

## सुरक्षा

विद्युत के झटके या आग का ख़तरा!

- उत्पाद या एक्सेसरीज़ को कभी भी बारिश या पानी में न ले जाएँ. तरल पदार्थों के कंटेनर्स, जैसे फूलदान उत्पाद के पास कभी भी न रखें. यदि तरल पदार्थ उत्पाद पर या उसमें फैल जाते हैं, तो इसे तुरंत पावर आउटलेट से डिस्कनेक्ट कर दें. उपयोग करने से पहले उत्पाद की जाँच कराने के लिए Philips उपभोक्ता सेवा से संपर्क करें.
- उत्पाद और एक्सेसरीज़ को कभी भी सीधी धूप सहित खुली लपटों या अन्य गर्म स्रोतों के पास न रखें.
- उत्पाद में कभी भी हवा आने-जाने वाले खाँचों या अन्य खुले स्थानों पर ऑब्जेक्ट्स न डालें.
- जहाँ पर मुख्य प्लग या किसी उपकरण कपलर का उपयोग डिस्कनेक्ट डिवाइस के रूप में किया जाता है, वह डिस्कनेक्ट डिवाइस सरलता से काम करने योग्य रहेगी.
- बैटरीज़ (बैटरी पैक या स्थापित बैटरीज़) अत्यधिक गर्मी के संपर्क में नहीं आनी चाहिए जैसे कि सूर्यप्रकाश, आग या इसी तरह की अन्य गर्म वस्तुएँ.
- बिजली चमकने वाले तूफ़ान आने से पहले उत्पाद को पावर आउटलेट से डिस्कनेक्ट कर दें.
- पावर की तार को डिस्कनेक्ट करते समय, हमेशा प्लग को खींचें, केबल को कभी नहीं.

शॉर्ट सर्किट या आग का खतरा!

- आप उत्पाद को पावर आउटलेट से कनेक्ट करें इससे पहले, सुनिश्चित करें कि पावर वोल्टेज उत्पाद के पीछे या नीचे मुद्रित मान से मेल खाती हो. यदि वोल्टेज भिन्न है, तो उत्पाद को पावर आउटलेट से कभी भी कनेक्ट न करें.

होम थिएटर के क्षति होने या इसके नुकसान का खतरा!

- दीवार पर लगाए जाने वाले उत्पादों के लिए, सप्लाई किए गए दीवार पर लगाए जाने वाले ब्रेकेट का ही उपयोग करें. वॉल माउन्ट को ऐसी दीवार पर सुरक्षित करें जो उत्पाद और वॉल माउन्ट दोने के भार को सह सके. Koninklijke Philips Electronics N.V. पर अनुपयुक्त वॉल माउन्टिंग के लिए, जिसका परिणाम दुर्धटना, क्षति या नुकसान में होता है कोई ज़िम्मेदारी नहीं है.
- स्टैंड वाले स्पीकरों के लिए, केवल सप्लाई किए गए स्टैंड्स का उपयोग करें. स्टैंड्स को स्पीकरों के साथ मजबूती से सुरक्षित करें. असेंबल किए गए स्टैंड्स को समतल, सतहों पर रखें जो स्पीकर और स्टैंड दोनों के संयुक्त भार को सहारा दे सके.
- किसी भी सामान या वस्तु को पावर की तार या अन्य विद्युत उपकरण पर न रखें.
- यदि उत्पाद को 5°से. से कम के तापमान में ले जाया जाता है, तो उत्पाद को अनपैक करें और तब तक प्रतीक्षा करें जब तक इसका तापमान पावर आउटलेट से कनेक्ट करने से पहले कमरे के तापमान से मेल नहीं खाए.
- जब खुला हो तो दृश्य और अदृश्य लेज़र किरणें. प्रकाश में लाने से बचें.
- डिस्क कम्पार्टमेंट के भीतर डिस्क ऑप्टिकल लेन्स को न छुएँ.
- इस उत्पाद के पार्ट्स शीशे के बने हो सकते हैं. चोट लगने या ख़राब होने से बचने के लिए सावधानी से उपयोग करें.

ज़्यादा गर्म होने का खतरा!

- इस उत्पाद को प्रतिबंधित स्थान पर कभी भी स्थापित न करें. उत्पाद के आस-पास हवा आने-जाने के लिए कम से कम चार इंच तक का स्थान हमेशा छोड़ें. सुनिश्चित करें कि पर्दे या अन्य वस्तुएं उत्पाद पर मौजूद हवा आने-जाने के स्थान को कभी भी न ढकें.

संदूषण का खतरा!

- बैटरियों को(पुरानी और नई या कार्बन और अल्कलाइन, आदि) आपस में न मिलाएँ.
- यदि बैटरियाँ गलत ढंग से बदली गईं है, तो विस्फोट होने का खतरा है. केवल समान या समतुल्य प्रकार की बैटरी से ही बदलें.
- यदि बैटरियाँ खाली हो गई हैं या रिमोट कंट्रोल का लंबे समय से उपयोग नहीं किया गया है, तो बैटरियाँ निकालें.
- बैटरी में रासायनिक पदार्थ होते हैं, उनका उचित तरीके से निबटान किया जाना चाहिए.

क्षतिग्रस्त बैटरीज़ का जोखिम!

- उत्पाद/रिमोट कंट्रोल में एक सिक्के/बटन के प्रकार की बैटरी हो सकती है जिसे निगला जा सकता है. सभी समय बैटरीज़ को बच्चों की पहुँच से दूर रखें! यदि इसे निगल लिया गया तो, बैटरी गंभीर चोट या मौत का कारण बन सकती है. पेट में जाने के दो घंटे के भीतर ही गंभीर आंतरिक छाले हो सकते है.
- यदि आपको यह लगता है कि बैटरी को निगल लिया गया है या शरीर के किसी भाग के अंदर रख दिया गया तो तुरंत ही चिकित्सकीय उपचार ढूंढें.
- जब आप बैटरियाँ बदलते हैं, तो सभी नए और प्रयोग किए हुए बैटरियों को बच्चों की पहुंच से हमेशा दूर रखें.

सुनिश्चित करें कि बैटरी बदलने के बाद बैटरी खंड पूरी तरह से सुरक्षित है.

- यदि बैटरी खंड पूरी तरह से सुरक्षित नहीं किया जा सकता है तो, उत्पाद का उपयोग करना बंद कर दें. बच्चों की पहुँच से दूर रखें और उत्पादक से संपर्क करें.

यह दोहरे रोधन के साथ CLASS II उपकरण है, और कोई संरक्षात्मक भूसम्पर्क उपलब्ध नहीं है.

## अपने उत्पाद की देखभाल

- डिस्क कंपार्टमेंट में डिस्क्स के अलावा अन्य कोई भी ऑब्जेक्ट्स न डालें.
- डिस्क कंपार्टमेंट में क्षतिग्रस्त या दरार वाली डिस्क्स न डालें.
- अगर आप एक विस्तृत समयावधि के लिए उत्पाद का उपयोग नहीं कर रहे हैं तो डिस्क कंपार्टमेंट से डिस्क्स निकालें.
- उत्पाद की सफ़ाई के लिए केवल माइक्रोफ़ाइबर कपड़े का उपयोग करें.

## पर्यावरण की देखभाल

आपका उत्पाद उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री और घटकों के साथ डिज़ाइन और निर्मित किया गया है, जिसे रीसायकल और पुन: उपयोग किया जा सकता है.

जब यह क्रॉस्ड-आउट व्हील बिन चिन्ह किसी उत्पाद से जुड़ा होता है, तो इसका अर्थ होता है कि उत्पाद European Directive 2002/96/EC के अंतर्गत आता है. कृपया अपने लिए विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की अलग से स्थानीय संग्रह प्रक्रिया के बारे में जानकारी दें.

कृपया अपने स्थानीय नियमों के अनुसार कार्य करें और अपने सामान्य घरेलू कचरे के साथ अपने पुराने उत्पादों का निपटान न करें.
आपके पुराने उत्पाद का सही निपटान, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए संभावित नकारात्मक परिणामों को रोकने में मदद करता है.

आपके उत्पाद में European Directive 2006/66/EC के अंतर्गत आने वाली बैटरीज़ हैं, जिसका निपटान सामान्य घरेलू कचरे के साथ नहीं किया जा सकता.
कृपया बैटरीज़ के पृथक संग्रह पर स्थानीय नियमों के बारे में स्वयं को सूचित करें क्योंकि सही निपटान वातावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए संभावित नकारात्मक परिणामों को रोकने में मदद करता है.

## 3D स्वास्थ्य चेतावनी

यदि आपके परिवार में मिरगी या प्रकाश संवेदनशीलता से ग्रस्त होने का इतिहास रहा है, तो चमकीले प्रकाश स्रोतों, तीव्र छवि अनुक्रमों के संपर्क में आने या 3D में देखने से पहले चिकित्सक से संपर्क करें.
चक्कर, सरदर्द या गैर अभिमुखता जैसी असुविधा से बचने के लिए, हम विस्तारित समय अवधियों तक 3D नहीं देखने की अनुशंसा करते हैं. यदि आप किसी असुविधा का अनुभव करते हैं, तो 3D देखना बंद कर दें और तुरंत संभावित जोखिमपूर्ण गतिविधि (उदाहरण के लिए कार ड्राइव करना) में अपने लक्षणों के समाप्त होने तक व्यस्त न रहें. यदि लक्षण बने रहते हैं, तो पहले किसी चिकित्सक से संपर्क किए बिना 3D देखना प्रारंभ नहीं करें.
माता-पिता को 3D देखने के दौरान अपने बच्चों की निगरानी करनी चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि वे उपरोक्त वर्णित के अनुसार असुविधा का अनुभव नहीं करते हैं. छह साल से कम उम्र के बच्चों को 3D देखना अनुशंसित नहीं है क्योंकि उनकी दृश्य प्रणाली अभी तक पूर्ण रूप से विकसित नहीं होती है.

# 3 आपका होम थिएटर

अपकी ख़रीद पर बधाई और Philips में स्वागत है! Philips द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले समर्थन का पूर्ण रूप से लाभ लेने के लिए(उदाहरण के लिए उत्पाद सॉफ़्टवेयर नवीनीकरण की सूचना), अपने उत्पाद को www.philips.com/welcome पर पंजीकृत करें.

## रिमोट कंट्रोल

इस अनुभाग में रिमोट कंट्रोल का ओवरव्यू शामिल है.




1. ⏻ (स्टैंडबाय-चालू)
   - होम थिएटर को चालू या स्टैंडबाय पर स्विच करें.
   - EasyLink सक्षम होने पर, सभी कनेक्ट किए गए HDMI CEC संगत डिवाइसेज़ को स्टैंडबाय पर स्विच करने के लिए कम से कम तीन सेकंड्स के लिए दबाए रखें.
2. स्रोत बटन / रंग बटन
   - रंग बटन: ब्लू-रे डिस्क के लिए टास्क या विकल्प का चयन करें.
   - DISC: डिस्क स्रोत पर स्विच करें.
   - DOCK for iPod: iPod या iPhone के लिए Philips dock पर स्विच करें.
   - HELP: ऑनस्क्रीन मदद पर पहुँच करें.
   - ♪ SOURCE: किसी इनपुट स्रोत या रेडियो स्रोत का चयन करें.
3. 🏠 (होम)
   होम मेनू तक पहुँच प्राप्त करें.




1. POP-UP MENU/DISC MENU
   जब आप किसी डिस्क को चलाएँ तो डिस्क मेनू तक पहुँचे या बाहर निकलें.
2. ⮌ BACK
   - पिछले मेनू स्क्रीन पर वापस जाएँ.
   - रेडियो मोड में, वर्तमान प्रीसेट रेडियो स्टेशनों को हटाने के लिए दबाए रखें.
3. SOUND SETTINGS
   ध्वनि विकल्प तक पहुँच प्राप्त करें या उससे बाहर निकलें.
4. ☰ OPTIONS
   - डिस्क या किसी USB संग्रहण डिवाइस को चलाते हुए अधिक चलाएँ विकल्प प्राप्त करें.
   - रेडियो मोड में, कोई रेडियो स्टेशन सेट करें.




1. OK
   किसी प्रविष्टि या चयन की पुष्टि करें.

② नेविगेशन बटन
- मेनूज़ नेविगेट करें.
- स्वतः खोज को प्रारंभ करने के लिए रेडियो मोड में बाएँ या दाएँ दबाएँ.
- रेडियो मोड में, रेडियो फ़्रीक्वेंसी ट्यून करने के लिए ऊपर या नीचे दबाएँ.
- नेटवर्क और पासवर्ड सेटअप के दौरान, किसी वर्ण को हटाने के लिए बाईं ओर दबाएँ.

③ 🔇 (म्यूट)
वॉल्यूम म्यूट या पुनर्स्थापित करें.

④ +/- (वॉल्यूम)
वॉल्यूम बढ़ाएँ या घटाएँ.




① ■ (रोकें) / ▲ (बाहर निकालें)
- चलाएँ रोकें.
- डिस्क बाहर निकालने के लिए तीन सेकंड तक दबाए रखें.

② ▶ (चलाएँ)
चलाएँ आरंभ या पुनरारंभ करें.

③ I◀ / ▶I (पिछला/अगला)
- पिछले या अगले ट्रैक, अध्याय या फ़ाइल पर जाएँ.
- रेडियो मोड में, किसी प्रीसेट रेडियो स्टेशन का चयन करें.

④ II (ठहरें)
चलाएँ रोकें.

⑤ ◀◀ / ▶▶ (फ़ॉस्ट बैकवर्ड/फ़ॉस्ट फ़ॉर्वर्ड)
बैकवर्ड्स या फ़ॉर्वर्ड खोजें. खोज की गति बदलने के लिए बार-बार दबाएँ.




① अक्षरांकीय बटन
- मानों या अक्षरों को (SMS शैली प्रविष्टि का उपयोग करके) दर्ज करें.
- रेडियो मोड में, किसी प्रीसेट रेडियो स्टेशन का चयन करें.

② TOP MENU
किसी वीडियो डिस्क के मुख्य मेनू तक पहुँच प्राप्त करें.

③ SUBTITLE
वीडियो के लिए उपशीर्षक भाषा का चयन करें.

## मुख्य इकाई

इस अनुभाग में मुख्य यूनिट का ओवरव्यू शामिल है.




① ◿ +/-
वॉल्यूम बढ़ाएँ या घटाएँ.

② SOURCE
होम थिएटर के लिए एक ऑडियो/वीडियो स्रोत का चयन करें.

③ ⏻ (स्टैंडबाय-चालू)
होम थिएटर को चालू या स्टैंडबाय पर स्विच करें.

④ ▶❚❚ (चलाएँ/ठहरें)
चलाएँ आरंभ करें, रोकें या पुनरारंभ करें.

⑤ ■ (रोकें)
- चलाएँ रोकें.
- रेडियो मोड में, वर्तमान प्रीसेट रेडियो स्टेशनों को हटाने के लिए दबाए रखें.

⑥ ▲ (बाहर निकालें)
डिस्क बाहर निकालने के लिए तीन सेकंड तक दबाए रखें.

⑦ डिस्क कंपार्टमेंट

# कनेक्टर्स

इस अनुभाग में आपके होम थिएटर पर उपलब्ध कनेक्टर्स का ओवरव्यू शामिल है.

## बायाँ भाग




① MUSIC iLINK / MIC (MIC केवल कुछ चयनित मॉडल्स में ही उपलब्ध है)
- किसी MP3 प्लेयर या माइक्रोफ़ोन से ऑडियो इनपुट.
- माइक्रोफ़ोन से ऑडियो इनपुट. (केवल कुछ चयनित मॉडल्स में ही उपलब्ध है)

② ⭠ (USB)
USB संग्रहण डिवाइस से ऑडियो, वीडियो या चित्र इनपुट.

## पीछे बायाँ




① SD CARD FOR VOD/BD-LIVE ONLY
SD कार्ड के लिए स्लॉट. SD कार्ड का उपयोग केवल BD-Live पर पहुँच प्राप्त करने के लिए किया जाता है.

② LAN
किसी ब्रॉडबैंड मॉडम या राउटर पर LAN इनपुट से कनेक्ट करें.

③ HDMI OUT (ARC)
TV पर HDMI इनपुट से कनेक्ट करें.

④ VIDEO OUT
TV पर मिश्रित वीडियो इनपुट से कनेक्ट करें.

⑤ AC MAINS~
पावर आपूर्ति से कनेक्ट करें.

## पीछे का दायाँ




① ANTENNA FM 75 Ω
किसी एंटेना, केबल या उपग्रह द्वारा सिग्नल इनपुट.

② DIGITAL IN-OPTICAL
TV या किसी डिजिटल डिवाइस पर एक ऑप्टिकल ऑडियो आउटपुट से कनेक्ट करें.

③ AUDIO IN-AUX
TV या किसी एनालॉग डिवाइस पर एनालॉग ऑडियो आउटपुट से कनेक्ट करें.

④ DOCK for iPod
iPod या iPhone के लिए किसी Philips Dock से कनेक्ट करें.(मॉडल: Philips DCK306x, अलग से बेचा गया)

⑤ SUBWOOFER
आपूर्ति किए गए सबवूफ़र से जोड़ता है.

# 4 कनेक्ट और सेट करें

यह अनुभाग आपके होम थिएटर को किसी TV और अन्य डिवाइसेज़ से कनेक्ट करने, और फिर इसे सेट अप करने में आपकी मदद करता है.
अपने होम थिएटर और एक्सेसरीज़ के मूल कनेक्शंस की जानकारी के बारे में, त्वरित प्रारंभ मार्गदर्शिका देखें.

नोट

- पहचान और आपूर्ति रेटिंग्स के लिए, उत्पाद के पिछले या निचले हिस्से में प्रकार प्लेट देखें.
- इससे पहले कि आप कोई कनेक्शंस बनाएँ या परिवर्तित करें, यह सुनिश्चित कर लें कि सभी डिवाइसेज़ पॉवर आउटलेट से डिस्कनेक्ट किए गए हैं.

## स्थान नियोजन

सबवूफ़र को अपने होम थिएटर से कम से कम 1 मीटर (3 फ़ीट) और दीवार से दस सेंटीमीटर दूर रखें.
सर्वोत्तम परिणामों के लिए, अपने सबवूफ़र को नीचे दिखाए अनुसार रखें.




## TV से कनेक्ट करें

वीडियो देखने के लिए अपने होम थिएटर को TV से जोडें. आप अपने होम थिएटर के स्पीकर्स के माध्यम से TV ऑडियो सुन सकते हैं.
सबसे अच्छे उपलब्ध गुणवत्ता के कनेक्शन का उपयोग अपने होम थिएटर व TV के लिए करें.

### विकल्प 1: HDMI (ARC) के द्वारा TV से कनेक्ट करें

सर्वोत्तम गुणवत्ता का वीडियो
आपका होम थिएटर ऑडियो रिटर्न चैनल (ARC) के साथ HDMI संस्करण का समर्थन करता है. यदि आपका TV, HDMI ARC संगत है तो आप एकल HDMI केबल का उपयोग कर अपने होम थिएटर के माध्यम से TV का ऑडियो सुन सकते हैं.




1 उच्च गति की HDMI केबल के साथ, आपके होम थिएटर केHDMI OUT (ARC)कनेक्टर को आपके TV के कनेक्टरHDMI ARCसे जोडें.
   - हो सकता है कि TV पर HDMI ARC कनेक्टर को भिन्न रूप में लेबल दिया गया हो. अधिक जानकारी के लिए, TV उपयोगकर्ता मैन्युअल को देखें.

2 अपने TV पर, HDMI-CEC कार्रवाईयाँ चालू करें. अधिक जानकारी के लिए, TV उपयोगकर्ता मैन्युअल को देखें.
   - यदि आप अपने होम थिएटर के माध्यम से TV ऑडियो नहीं सुन पाते हैं, तो ऑडियो को मैन्युअल रूप से सेट करें.

## विकल्प 2: मानक HDMI के माध्यम से TV से कनेक्ट करें

सर्वोत्तम गुणवत्ता का वीडियो
यदि आपका TV HDMI ARC संगत नहीं है, तब आपके होम थिएटर को TV से आदर्श HDMI कनेक्शन से कनेक्ट करें.




1 उच्च गति की HDMI केबल के साथ, आपके होम थिएटर के HDMI OUT (ARC) कनेक्टर को आपके TV के कनेक्टर HDMI से कनेक्ट करें.
2 TV ऑडियो सुनने के लिए अपने होम थिएटर के माध्यम से ऑडियो केबल कनेक्ट करें (देखें 'ऑडियो को TV और अन्य डिवाइसेज़ से कनेक्ट करें' पृष्ठ पर 10).
3 अपने TV पर, HDMI-CEC कार्रवाईयाँ चालू करें. अधिक जानकारी के लिए, TV उपयोगकर्ता मैन्युअल को देखें.
    - HDMI-CEC एक ऐसी सुविधा है जो HDMI के माध्यम से कनेक्ट किए गए CEC अनुपालक डिवाइसेस को एक ही रिमोट कंट्रोल से नियंत्रित किए जाने के लिए सक्षम बनाता है, जैसे कि TV और होम थिएटर दोनो के लिए वॉल्यूम नियंत्रण. (देखें 'EasyLink (HDMI-CEC नियंत्रण) सेट करें' पृष्ठ पर 11)
4 यदि आप अपने होम थिएटर के माध्यम से TV ऑडियो नहीं सुन पाते हैं, तो ऑडियो को मैन्युअल रूप से सेट करें. (देखें 'ऑडियो सेट करें' पृष्ठ पर 12)

नोट

- यदि आपके TV में DVI कनेक्टर्स है, तब आप HDMI/DVI एडॉप्टर का उपयोग TV को कनेक्ट करने में कर सकते हैं. हालाँकि, हो सकता है कि कुछ सुविधाएँ उपलब्ध न हों.

## विकल्प 3: संयोजित वीडियो द्वारा TV से कनेक्ट करें

मूल गुणवत्ता वीडियो
यदि आपके TV में HDMI कनेक्टर्स नहीं हैं, तो एक संयोजित वीडियो कनेक्शन का उपयोग करें. एक उच्च निर्धारण कनेक्शन को संयोजित कनेक्शन समर्थन नही करता है.




1 संयोजित वीडियो केबल के उपयोग द्वारा, आपके होम थिएटर के VIDEO OUT कनेक्टर को आपकी TV के कनेक्टर VIDEO IN से कनेक्ट करें.
    - हो सकता है कि संयोजित वीडियो कनेक्टर को AV IN, COMPOSITE या BASEBAND के रूप में लेबल दिया गया हो.
2 TV ऑडियो सुनने के लिए अपने होम थिएटर के माध्यम से ऑडियो केबल कनेक्ट करें (देखें 'ऑडियो को TV और अन्य डिवाइसेज़ से कनेक्ट करें' पृष्ठ पर 10).
3 जब आप TV कार्यक्रम देखते हैं, तो सही ऑडियो इनपुट का चयन करने के लिए अपने होम थिएटर पर बार-बार SOURCE दबाएँ.
4 जब आप वीडियो देखते हैं, तो अपने TV को सही वीडियो इनपुट से कनेक्ट करें. अधिक जानकारी के लिए, TV उपयोगकर्ता मैन्युअल को देखें.

# ऑडियो को TV और अन्य डिवाइसेज़ से कनेक्ट करें

अपने होम थिएटर स्पीकर्स के माध्यम से TV या अन्य डिवाइसेज़ से ऑडियो चलाएँ.
अपने TV, होम थिएटर और अन्य डिवाइसेज़ पर उपलब्ध सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता कनेक्शन का उपयोग करें.

नोट

- जब आपके होम थिएटर और TV HDMI ARC के माध्यम से जुड़े हुए होते हैं, तब किसी ऑडियो कनेक्शन की आवश्यकता नहीं होती. (देखें 'विकल्प 1: HDMI (ARC) के द्वारा TV से कनेक्ट करें' पृष्ठ पर 9)

### विकल्प 1: एक डिजिटल ऑप्टिकल केबल के द्वारा ऑडियो कनेक्ट करें

सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता का ऑडियो




1 ऑप्टिकल केबल का उपयोग करते हुए, अपने होम थिएटर के OPTICAL कनेक्टर को TV या अन्य डिवाइस के OPTICAL OUT कनेक्टर से कनेक्ट करें.
   - हो सकता है कि डिजिटल ऑप्टिकल कनेक्टर को SPDIF या SPDIF OUT लेबल दिया गया हो.

### विकल्प 2: एनालॉग ऑडियो केबल्स के द्वारा ऑडियो कनेक्ट करें

मूल गुणवत्ता का ऑडियो




1 एनालॉग केबल का उपयोग करते हुए, अपने होम थिएटर के AUX कनेक्टर्स को TV या अन्य डिवाइस के AUDIO OUT कनेक्टर्स से कनेक्ट करें.

## EasyLink (HDMI-CEC नियंत्रण) सेट करें

यह होम थिएटर Philips EasyLink का समर्थन करता है, जो कि HDMI-CEC (उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स नियंत्रण) प्रोटोकॉल का उपयोग करता है. HDMI कनेक्टर्स द्वारा कनेक्ट किए गए EasyLink-शिकायत डिवाइसेज़ एक एकल रिमोट कंट्रोल से नियंत्रित किए जा सकते हैं.

**नोट**

- निर्माता के आधार पर, HDMI-CEC को कई नामों से जाना जाता है. अपने डिवाइस के बारे में जानकारी के लिए, डिवाइस का उपयोगकर्ता मैन्युअल देखें.
- Philips सभी HDMI-CEC डिवाइसेज़ की 100% अंतर्संचालनीयता की गारंटी नहीं देता है.

आप प्रारंभ करें इससे पहले

- HDMI कनेक्शन के माध्यम से अपने होम थिएटर को HDMI-CEC संगत डिवाइस से कनेक्ट करें.
- त्वरित प्रारंभ मार्गदर्शिका में वर्णित आवश्यक कनेक्शंस करें और फिर TV को अपने होम थिएटर के लिए सही स्रोत से स्विच करें.

### EasyLink सक्षम करें

1 (होम) दबाएँ.
2 [सेटअप] का चयन करें और फिर OK दबाएँ.
3 [EasyLink] > [EasyLink] > [ऑन] का चयन करें.
4 अपने TV और अन्य कनेक्ट किए गए डिवाइसेज़ पर, HDMI-CEC नियंत्रण चालू करें. विवरणों के लिए, TV या अन्य डिवाइसेज़ का उपयोगकर्ता मैन्युअल देखें.
   - अपने TV पर, ऑडियो आउटपुट को 'एम्पलीफ़ायर' (TV स्पीकर्स के बजाय) पर सेट करें. अधिक जानकारी के लिए, TV उपयोगकर्ता मैन्युअल को देखें.

### EasyLink नियंत्रण

EasyLink के साथ, आप अपने होम थिएटर, TV और अन्य कनेक्ट किए गए HDMI-CEC संगत डिवाइसेज़ को एक ही रिमोट कंट्रोल से नियंत्रित कर सकते हैं.

- [एकल स्पर्श प्ले] (वन-टच प्ले): जब डिस्क कम्पार्टमेंट में एक वीडियो डिस्क होती है, तो TV को स्टैंडबाय से हटाने के लिए ▶ (चलाएँ) दबाएँ और फिर डिस्क को चलाएँ.
- [एकल स्पर्श स्टैंडबाय] (वन-टच स्टैंडबाय): यदि वन-टच स्टैंडबाय सक्षम किया गया है, तो आपका होम थिएटर TV या अन्य HDMI-CEC डिवाइसेज़ के रिमोट कंट्रोल से स्टैंडबाय पर स्विच कर सकता है.
- [सिस्टम ऑडियो नियंत्रण] (सिस्टम ऑडियो कंट्रोल):यदि सिस्टम ऑडियो नियंत्रण को सक्षम किया गया है, तो जब आप डिवाइस को चलाते हैं तब आपके होम थिएटर

स्पीकर के माध्यम से कनेक्ट किए गए डिवाइस का ऑडियो स्वचालित रूप से निकलता है.

- [ऑडियो इनपुट मैपिंग] (ऑडियो इनपुट मैपिंग):यदि सिस्टम ऑडियो नियंत्रण कार्य नहीं करता है, तो कनेक्ट किए गए डिवाइस को अपने होम थिएटर पर सही ऑडियो इनपुट कनेक्टर से मैप करें.

नोट

- EasyLink नियंत्रण सेटिंग्स परिवर्तित करने के लिए, ⌂ (होम) दबाएँ, [सेटअप] > [EasyLink] का चयन करें.

## ऑडियो सेट करें

यदि आप अपने होम थियेटर स्पीकर से कनेक्ट डिवाइस का ऑडियो आउटपुट सुन नहीं सकते है, तो निम्न कार्य करें:

- जाँचें कि आपने EasyLink को सभी डिवाइस पर सक्षम किया है, (देखें 'EasyLink (HDMI-CEC नियंत्रण) सेट करें' पृष्ठ पर 11) और
- अपने TV पर, ऑडियो आउटपुट को 'एम्पलीफ़ायर' (TV स्पीकर्स के बजाय) पर सेट करें. विवरण के लिए, TV उपयोगकर्ता मैन्युअल को देखें, और
- EasyLink ऑडियो नियंत्रण सेट करें.

1 ⌂ (होम) दबाएँ.
2 [सेटअप] का चयन करें और फिर OK दबाएँ.
3 [EasyLink] > [सिस्टम ऑडियो नियंत्रण] > [ऑन] का चयन करें.
   - टीवी स्पीकर से ऑडियो चलाने के लिए, [ऑफ़] का चयन करें और निम्नलिखित चरणों को छोड़ें.
4 [EasyLink] > [ऑडियो इनपुट मैपिंग] का चयन करें.
5 अपने होम थिएटर पर कनेक्ट किए गए डिवाइस को ऑडियो इनपुट से मैप करने के लिए ऑनस्क्रीन निर्देशों का अनुसरण करें.
   - यदि आप HDMI ARC कनेक्शन के माध्यम से टीवी से अपने होम थिएटर को जोड़ते हैं, तो यह सुनिश्चित कर लें कि आपके होम थिएटर के ARC इनपुट के साथ टीवी का ऑडियो मापित कर लिया गया है.

# होम नेटवर्क कनेक्ट करें और सेट करें

किसी वायर्ड या वायरलेस नेटवर्क कनेक्शन के माध्यम से होम थिएटर को नेटवर्क राउटर से कनेक्ट करें और इनका आनंद उठाएँ:

- स्ट्रीम की गई मल्टीमीडिया सामग्री
- स्मार्टफ़ोन नियंत्रण (देखें 'स्मार्टफ़ोन नियंत्रण' पृष्ठ पर 20)
- इंटरनेट रेडियो (देखें 'इंटरनेट रेडियो' पृष्ठ पर 21)
- सॉफ़्टवेयर अघतन (देखें 'इंटरनेट के द्वारा सॉफ़्टवेयर अघतन करें' पृष्ठ पर 30)

सावधानी

- स्वयं को नेटवर्क राउटर, मीडिया सर्वर सॉफ्टवेयर और नेटवर्किंग सिद्धांतों से परिचित कराएँ. यदि आवश्यक हो, तो नेटवर्क घटकों के साथ आने वाले प्रपत्रों को पढ़ें. Philips गुम, क्षतिग्रस्त या दूषित डेटा के लिए ज़िम्मेदार नहीं है.

आप प्रारंभ करें इससे पहले

- त्वरित प्रारंभ मार्गदर्शिका में वर्णित आवश्यक कनेक्शंस करें और फिर TV को अपने होम थिएटर के लिए सही स्रोत से स्विच करें.

## वायर्ड नेटवर्क सेट अप करें.

आपको क्या चाहिए

- एक नेटवर्क केबल (RJ45 सीधी केबल).
- एक नेटवर्क राउटर (DHCP सक्षम के साथ).




1 किसी नेटवर्क केबल का उपयोग करके, अपने होम थिएटर पर LAN कनेक्टर को नेटवर्क राउटर से कनेक्ट करें.
2 ⌂ (होम) दबाएँ.

3 [सेटअप] का चयन करें और फिर OK दबाएँ.

4 [नेटवर्क] > [नेटवर्क की स्थापना] > [वायर्ड (ईथरनेट)] का चयन करें.

5 सेटअप पूर्ण करने के लिए ऑनस्क्रीन निर्देशों का अनुसरण करें.
   - यदि कनेक्शन विफल हो जाए, [पुनर्प्रयास करें] का चयन करें, और फिर OK दबाएँ.

6 [समाप्त] को चुनें, और बाहर निकलने के लिए OK दबाएँ.
   - नेटवर्क सेटिंग्स देखने के लिए, [सेटअप] > [नेटवर्क] > [नेटवर्क सेटिंग्स देखें] का चयन करें.

## वायरलेस नेटवर्क सेट अप करें.

आपके होम थिएटर में वायरलेस नेटवर्क पर आसान पहुँच के लिए अंतर्निहित Wi-Fi मौजूद है.

आपको क्या चाहिए

- एक नेटवर्क राउटर (DHCP सक्षम के साथ). सर्वश्रेष्ठ वायरलेस प्रदर्शन, कवरेज और संगतता के लिए, 802.11n राउटर का उपयोग करें.




1 (होम) दबाएँ.

2 [सेटअप] का चयन करें और फिर OK दबाएँ.

3 [नेटवर्क] > [नेटवर्क की स्थापना]> [वायरलेस (Wi-Fi)],का चयन करें, फिरOK दबाएँ.

4 वायरलेस नेटवर्क का चयन करने और सेट करने के लिए ऑनस्क्रीन निर्देशों का अनुसरण करें.
   - यदि कनेक्शन विफल हो जाए, [पुनर्प्रयास करें] का चयन करें, और फिर OK दबाएँ.

5 [समाप्त] को चुनें, और बाहर निकलने के लिए OK दबाएँ.
   - नेटवर्क सेटिंग्स देखने के लिए, [सेटअप] > [नेटवर्क] > [वायरलेस सेटिंग्स देखें] का चयन करें.

## नेटवर्क नाम को व्यक्तिगत बनाएँ

अपने होम थिएटर को नाम दें ताकि इसे आपके होम नेटवर्क पर आसानी से पहचाना जाएँ.

1 (होम) दबाएँ.

2 [सेटअप] का चयन करें और फिर OK दबाएँ.

3 [नेटवर्क] > [अपने उत्पाद को नाम दें:] का चयन करें.

4 नाम दर्ज करने के लिए अक्षरांकीय बटन को दबाएँ.

5 [पूर्ण] को चुनें, और बाहर निकलने के लिए OK दबाएँ.

# 5 अपने होम थिएटर का उपयोग करें

यह अनुभाग स्रोतों की एक विस्तृत श्रेणी से मीडिया चलाने के लिए होम थिएटर का उपयोग करने में आपकी मदद करता है.

आप प्रारंभ करें इससे पहले
- त्वरित प्रारंभ मार्गदर्शिका और उपयोगकर्ता मैन्युअल में वर्णित आवश्यक कनेक्शंस बनाएँ.
- पहली बार के सेटअप को पूर्ण करें. पहली-बार सेटअप तब प्रकट होता है कि जब आप अपने होम थिएटर को ऑन करते हैं या यदि आप सेटअप को पूर्ण नहीं करते हैं.
- TV को अपने होम थिएटर के लिए सही स्रोत में स्विच करें (उदाहरण के लिए, HDMI, AV IN).

## होम मेनू तक पहुँच प्राप्त करें

होम मेनू आपके होम थिएटर में कनेक्ट किए गए डिवाइसेज़, सेटअप और अन्य उपयोगी सुविधाओं तक आसान पहुँच प्रदान करती है.

1 ⌂ (होम) दबाएँ.
   ↪ होम मेनू प्रदर्शित होती है.

2 निम्न का चयन करने के लिए नेविगेशन बटन और OK को दबाएँ:
   - [डिस्क प्ले करें]: डिस्क चलाना प्रारंभ करें.
   - [USB ब्राउज़ करें]: USB सामग्री ब्राउज़र तक पहुँच प्राप्त करें
   - [iPod ब्राउज़ करें]: iPod या iPhone सामग्री ब्राउज़र तक पहुँच प्राप्त करें.
   - [Smart TV]: उपलब्ध नहीं है
   - [इंटरनेट रेडियो]: अपने होम थिएटर के माध्यम से इंटरनेट रेडियो तक पहुँच प्राप्त करें.
   - [PC ब्राउज़ करें]: कंप्यूटर सामग्री ब्राउज़र तक पहुँच प्राप्त करें
   - [सेटअप]: वीडियो, ऑडियो और अन्य सेटिंग्स बदलने के लिए मेनू तक पहुँच प्राप्त करें.
   - [सहायता]: ऑनस्क्रीन उपयोगकर्ता मैन्युअल तक पहुँच प्राप्त करें.

3 बाहर निकलने के लिए ⌂ (होम) दबाएँ.

## डिस्क

आपका होम थिएटर DVD, VCD, CD, और Blu-ray डिस्क चला सकता है. यह वो डिस्क भी चला सकता है जिन्हें आपने घर में बनाई है, जैसे कि फ़ोटो और संगीत की CD-R डिस्क.

1 होम थिएटर में एक डिस्क डालें.

2 यदि डिस्क स्वचालित रूप से नहीं चलती है, तो DISC दबाएँ या होम मेनू से [डिस्क प्ले करें] का चयन करें.

3 चलाएँ को नियंत्रित करने के लिए रिमोट कंट्रोल का उपयोग करें. (देखें 'रिमोट कंट्रोल' पृष्ठ पर 5)
   - जब आप कोई Blu-ray डिस्क चलाते है तो एक छोटी सी आवाज सुनाई देना सामान्य बात है. इसका अर्थ यह नहीं हैं कि आपका होम थिएटर दोषपूर्ण है.

### बटन चलाएँ

| बटन | क्रिया |
|---|---|
| नेविगेशन बटन | मेनूज़ नेविगेट करें.<br>ऊपर/नीचे: चित्र को घड़ी की दिशा या घड़ी की विपरीत दिशा में घुमाएँ. |
| OK | किसी प्रविष्टि या चयन की पुष्टि करें. |
| ▶ (चलाएँ) | चलाएँ आरंभ या पुनरारंभ करें. |
| ❚❚ | चलाएँ रोकें. |
| ■ | चलाएँ रोकें. |
| ⏏ | डिस्क बाहर निकालने के लिए तीन सेकंड तक दबाए रखें. |
| ⏮ / ⏭ | पिछले या अगले ट्रैक, अध्याय या फ़ाइल पर जाएँ. |
| ◀◀ / ▶▶ | तेज़ पीछे या आगे की ओर खोजें.<br>जब कोई वीडियो रुका हुआ हो, तो धीमे पीछे या आगे की ओर खोजें. |
| SUBTITLE | वीडियो के लिए उपशीर्षक भाषा का चयन करें. |
| DISC/ POP-UP MENU | डिस्क मेनू तक पहुँच प्राप्त करें या बाहर आएँ. |
| ☰ OPTIONS | जब आप अपनी ऑडियो, वीडियो, या मीडिया फ़ाइलें चलाते हैं तब उन्नत विकल्पों तक पहुँच प्राप्त करें (देखें 'ऑडियो, वीडियो और चित्र विकल्प' पृष्ठ पर 17). |

## चित्र और ध्वनि सिंक्रनाइज़ करें

अगर ऑडियो और वीडियो सिंक्रनाइज़ नहीं किए गए हैं, तो आप वीडियो से मिलाने के लिए ऑडियो में विलंब करें.

1. SOUND SETTINGS दबाएँ.
2. AUD SYNC का चयन करें और फिर OK दबाएँ.
3. वीडियो के साथ ऑडियो सिंक्रनाइज़ करने के लिए नेविगेशन बटन (ऊपर/नीचे) दबाएँ.
4. पुष्टि करने के लिए OK दबाएँ.

## Blu-ray 3D डिस्क चलाएँ.

आपका होम थिएटर Blu-ray 3D वीडियो चला सकता है. कोई 3D डिस्क चलाने से पहले 3D स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी पढ़ें.

आपको क्या चाहिए

- एक 3D TV.
- 3D चश्मों की जोड़ी जो आपके 3D TV से संगत हैं.
- एक 3D Blu-ray वीडियो
- उच्च गति वाली HDMI केबल

1. उच्च गति की HDMI केबल का प्रयोग करके, अपने होम थिएटर को 3D संगत TV से कनेक्ट करें.
2. सुनिश्चित करें कि 3D वीडियो सेटिंग सक्षम है. (होम) दबाएँ, [सेटअप] > [वीडियो] > [3D वीडियो देखें] > [स्वत:] का चयन करें.
   - 3D डिस्क्स को 2D मोड में चलाने के लिए, [ऑफ़] का चयन करें.
3. कोई Blu-ray 3D डिस्क चलाएँ और 3D चश्मा पहनें.
   - वीडियो खोज के दौरान और चलाए जाने के कुछ निश्चित मोड में, वीडियो 2D में प्रदर्शित होता है. जब आप प्ले को पुन: प्रारंभ करते है तो वीडियो प्रदर्शन वापस 3D पर लौटता है.

**नोट**

- फ्लिकर से बचने के लिए, प्रदर्शन की चमक को बदलें.

## Blu-ray पर बोनस दृश्य

उन Blu-ray डिस्क पर जो बोनस दृश्य का समर्थन करती हैं, छोटी स्क्रीन विंडो में कमेंटरीज़ जैसी अतिरिक्त सामग्री का आनंद उठाएँ. बोनस दृश्य को चित्र-में-चित्र के रूप में भी जाना जाता है.

1. Blu-ray डिस्क मेनू में बोनस दृश्य सक्षम करें.
2. जब आप मूवी चलाते है, तब OPTIONS दबाएँ.
   ↳ विकल्प मेनू प्रदर्शित होता है.
3. [PIP चयन] > [PIP] का चयन करें.
   - वीडियो के आधार पर, PIP मेनू [1] या [2] प्रदर्शित होती है.
   - बोनस दृश्य अक्षम करने के लिए, [ऑफ़] का चयन करें.
4. [दूसरी ऑडियो भाषा] या [दूसरी उपशीर्षक भाषा] का चयन करें.
5. भाषा का चयन करें और फिर OK दबाएँ.

## Blu-ray पर BD-Live

BD-Live सामग्री के साथ Blu-ray डिस्क्स पर अतिरिक्त सुविधाओं तक पहुँच प्राप्त करें, जैसे कि निर्देशक के साथ इंटरनेट चैट, नवीनतम मूवी ट्रेलर, गेम्स, वॉलपेपर और रिंगटोन्स. BD-Live सेवाएँ और सामग्री अलग अलग डिस्क में भिन्न होती हैं.

आपको क्या चाहिए

- BD-Live सामग्री वाली Blu-ray डिस्क.
- संग्रहण डिवाइस:
  - कम से कम 1GB मेमोरी के साथ USB संग्रहण डिवाइस या
  - कम से कम 8GB मेमोरी के साथ SDHC श्रेणी 6 प्रकार का एक SD मेमोरी कार्ड.

1. अपने होम थिएटर को इंटरनेट पहुँच के साथ होम नेटवर्क से कनेक्ट करें (देखें 'होम नेटवर्क कनेक्ट करें और सेट करें' पृष्ठ पर 12).
2. अपने होम थिएटर से कोई USB संग्रहण डिवाइस कनेक्ट करें या कोई SD मेमोरी कार्ड सम्मिलित करें.
   - यदि संकेत दिया जाता है, तो SD मेमोरी कार्ड को स्वरूपित करने के लिए ऑनस्क्रीन निर्देशों का अनुसरण करें.
   - फ़ार्मेट करने के बाद, SD कार्ड कंप्यूटर और कैमरों के साथ संगत नहीं हो पाएगी, जब तक कि इसे Linux ऑपरेटिंग सिस्टम का उपयोग करके पुन: फ़ार्मेट न किया जाए.
3. (होम) दबाएँ और [सेटअप] का चयन करें.

4 [उन्नत] > [स्थानीय संग्रहण] का चयन करें.

5 [USB] या [SD कार्ड] का चयन करें.

- डाउनलोड की गई BD-Live सामग्री संग्रहीत करने के लिए या तो USB संग्रहण डिवाइस या SD मेमोरी कार्ड का उपयोग करें.

6 BD-Live सक्षम करने के लिए [उन्नत] > [BD-Live सुरक्षा] > [ऑफ़] का चयन करें.

- BD-Live अक्षम करने के लिए, [ऑन] का चयन करें.

7 डिस्क मेनू में BD-Live चिह्न का चयन करें और फिरOK दबाएँ.

↳ BD-Live लोड करना शुरू करता है. लोडिंग का समय डिस्क और आपके इंटरनेट कनेक्शन पर निर्भर करता है.

8 BD-Live नेविगेट करने के लिए नेविगेशन बटन दबाएँ और फिर किसी विकल्प का चयन करने के लिए OK दबाएँ.

नोट

- संग्रहण डिवाइस की मेमोरी को साफ़ करने के लिए, 🏠 (होम) दबाएँ, [सेटअप] > [उन्नत] > [मेमोरी साफ़ करें] का चयन करें.

## डेटा फ़ाइलें

आपका होम थिएटर किसी डिस्क या USB संग्रहण डिवाइस में मौजूद चित्र, ऑडियो और वीडियो फ़ाइलों को चला सकता है. फ़ाइल चलाने से पहले, जाँच लें कि फ़ाइल स्वरूप आपके होम थिएटर द्वारा समर्थित है (देखें 'फ़ाइल स्वरूप' पृष्ठ पर 32).

1 किसी डिस्क या USB संग्रहण डिवाइस से फ़ाइलें चलाएँ.

2 चलाएँ बंद करने के लिए, ■ दबाएँ.

- जहाँ आपने रोका था, वहाँ से वीडियो पुनरारंभ करने के लिए ▶ (चलाएँ) दबाएँ.
- आरंभ से वीडियो चलाने के लिए, OK दबाएँ.

नोट

- DivX DRM रक्षित फ़ाइलें चलाने के लिए, अपने होम थिएटर को HDMI केबल के माध्यम से TV से कनेक्ट करें.

### उपशीर्षक

यदि आपके वीडियो में उपशीर्षक एकाधिक भाषाओं में हैं, तो एक उपशीर्षक भाषा का चयन करें.

नोट

- यह सुनिश्चित करें कि उपशीर्षक फ़ाइल का ठीक वही नाम है, जो वीडियो फ़ाइल का है. उदाहरण के लिए, यदि वीडियो फ़ाइल का नाम 'movie.avi' है, तो उपशीर्षक फ़ाइल को 'movie.srt' या 'movie.sub' के रूप में नाम दें.
- आपका होम थिएटर निम्न फ़ाइल स्वरूपों का समर्थन करता है: .srt, .sub, .txt, .ssa, .ass, smi और .sami. यदि उपशीर्षक ठीक से प्रकट नहीं होते हैं, तो वर्ण सेट बदलें.

1 वीडियो चलाते हुए, किसी भाषा का चयन करने के लिए SUBTITLE दबाएँ.

2 DivX या RMVB/RM वीडियोज़ के लिए, यदि उपशीर्षक सही रूप में प्रकट नहीं होते हैं, तो वर्ण सेट बदलने के लिए निम्न चरणों को करना जारी रखें.

3 OPTIONS दबाएँ.

↳ विकल्प मेनू प्रदर्शित होता है.

4 [वर्ण सेट] का चयन करें और फिर उपशीर्षक का समर्थन करने वाले वर्ण सेट का चयन करें.

यूरोप, भारत, LATAM और रूस

| वर्ण सेट | भाषा |
|---|---|
| [मानक] | अंग्रेज़ी, अल्बेनियाई, डेनिश, डच, फिन्निश, फ्रेंच, गायलिक, जर्मन, इटेलियाई, कुर्दिश (लैटिन), नार्वेजियन, पुर्तगाली, स्पेनिश, स्वीडिश और तुर्की |
| [मध्य यूरोप] | अल्बेनियाई, क्रोएशियन, चेक, डच, अंग्रेज़ी, जर्मन, हंगेरियन, आइरिश, पोलिश, रोमानियाई, स्लोवॉक, स्लेवीन और सोर्बियन |
| [सिरिलिक] | बुल्गारियाई, बेलारूसी, अंग्रेज़ी, मैसीडोनियाई, मॉलदीवियन, रूसी, सर्बियाई और यूक्रेनियाई |
| [यूनानी] | यूनान |
| [Baltic] | एस्टोनिया, लातविया और लिथुआनिया |

एशिया प्रशांत और चीन

| वर्ण सेट | भाषा |
|---|---|
| [मानक] | अल्बेनियाई, डेनिश, डच, अंग्रेज़ी, फिनीश, फ्रेंच, गायलिक, जर्मन, इटेलियाई, कुर्दिश (लैटिन), नार्वेनियाई, पुर्तगाली, स्पेनिश, स्वीडिश, तुर्की |
| [चीनी] | सरलीकृत चीनी |
| [पारंपरिक-चीनी] | पारंपरिक चीनी |
| [कोरियाई] | अंग्रेज़ी और कोरियाई |

## DivX के लिए VOD कोड

आपके DivX वीडियोज़ ख़रीदने और उन्हें होम थिएटर पर चलाने से पहले, होम थिएटर को DivX VOD कोड का उपयोग करते हुए www.divx.com पर पंजीकृत करें.

1 (होम) दबाएँ.
2 [सेटअप] का चयन करें और फिर OK दबाएँ.
3 [उन्नत] > [DivX® VOD कोड] का चयन करें.
   ↳ आपके होम थिएटर के लिए DivX VOD पंजीकरण कोड प्रदर्शित होता है.

# USB संग्रहण डिवाइसेज़

MP4 प्लेयर या डिजिटल कैमरे जैसे USB संग्रहण डिवाइस पर संग्रहीत किए गए चित्रों, ऑडियो और वीडियो का आनंद उठाएँ.

आपको क्या चाहिए

- एक ऐसा USB संग्रह डिवाइस है, जो FAT या NTFS फ़ाइल सिस्टमों के लिए स्वरूपित किया गया हो और विशाल संग्रहण श्रेणी के संगत हो.
- समर्थित फ़ाइल स्वरूपों में से एक मीडिया फ़ाइल (देखें 'फ़ाइल स्वरूप' पृष्ठ पर 32).

नोट

- यदि आप USB एक्सटेंशन केबल, USB HUB या USB मल्टी-रीडर का उपयोग करते हैं, तो हो सकता है कि USB संग्रहण डिवाइस पहचानी नहीं जा सके.

1 अपने होम थिएटर पर (USB) कनेक्टर से एक USB संग्रहण डिवाइस कनेक्ट करें.
2 (होम) दबाएँ.
3 [USB ब्राउज़ करें] का चयन करें और फिर OK दबाएँ.
   ↳ सामग्री ब्राउजर दिखाया गया है.
4 फ़ाइल का चयन करें, और फिरOK दबाएँ.
5 चलाना नियंत्रित करने के लिए प्ले बटंस दबाएँ (देखें 'बटन चलाएँ' पृष्ठ पर 14).

# ऑडियो, वीडियो और चित्र विकल्प

जब आप किसी डिस्क या USB संग्रहण डिवाइस से चित्र, ऑडियो और वीडियो फ़ाइलें चलाते हैं तब उन्नत सुविधाओं का उपयोग करें.

## ऑडियो विकल्प

ऑडियो चलाते हुए, किसी ऑडियो ट्रैक, किसी डिस्क या किसी फ़ोल्डर को दोहराएँ.

1 निम्न फ़ंक्शंस से गुज़रने के लिए बार-बार OPTIONS दबाएँ:
   - RPT TRAC / RPT FILE: वर्तमान ट्रैक या फ़ाइल दोहराएं.
   - RPT DISC / RPT FOLD: डिस्क या फ़ोल्डर पर सभी ट्रैक्स दोहराएँ.
   - RPT RAND: अनियमित क्रम में ऑडियो ट्रैक्स चलाएँ.
   - RPT OFF: दोहराएँ मोड को बंद करें.

## वीडियो विकल्प

वीडियो देखते हुए, उपशीर्षक, ऑडियो भाषा, समय खोज, और चित्र सेटिंग्स जैसे विकल्पों का चयन करें. वीडियो स्रोत पर निर्भर होने के कारण कुछ स्रोत उपलब्ध नहीं होते.

1 दबाएँ OPTIONS.
   ↳ वीडियो विकल्प मेनू प्रदर्शित होता है.
2 चयन और बदलाव करने के लिए नेविगेशन बटन और OK दबाएँ:
   - [ऑडियो भाषा]: वीडियो के लिए ऑडियो भाषा का चयन करें.
   - [उपशीर्षक भाषा]: वीडियो के लिए उपशीर्षक भाषा का चयन करें.

- [उपशीर्षक खिसकाएँ]: स्क्रीन पर उपशीर्षक स्थिति बदलें.
- [जानकारी]: क्या चल रहा है, इसके बारे में जानकारी प्रदर्शित करता है.
- [वर्ण सेट]: DivX उपशीर्षक का समर्थन करने वाले एक वर्ण सेट का चयन करें.
- [समय खोज]: दृश्य का समय दर्ज करके वीडियो के किसी विशिष्ट भाग को छोड़ दें.
- [दूसरी ऑडियो भाषा]: ब्लू-रे वीडियो के लिए दूसरी ऑडियो भाषा का चयन करें.
- [दूसरी उपशीर्षक भाषा]: ब्लू-रे वीडियो के लिए दूसरी लिखित भाषांतर भाषा का चयन करें.
- [शीर्षक]: किसी विशिष्ट शीर्षक का चयन करें.
- [अध्याय]: किसी विशिष्ट अध्याय का चयन करें.
- [कराओके] (चयनित मॉडल और क्षेत्रों में उपलब्ध): केराओके सेटिंग्स बदलें.
- [कोण सूची]: किसी भिन्न कैमरा कोण का चयन करें.
- [मेनूज़]: डिस्क मेनू प्रदर्शित करें.
- [PIP चयन]: जब एक ब्लू-रे डिस्क, जो अतिरिक्त दृश्य के अनुकूल है, चला रहे हों तो चित्र-में-चित्र विंडो प्रदर्शित करें.
- [ज़ूम]: किसी वीडियो दृश्य या चित्र में ज़ूम करें. नेविगेशन बटन ज़ूम फ़ैक्टर का चयन करने के लिए (बाएँ/दाएँ) दबाएँ.
- [दोहराएँ]: किसी अध्याय या शीर्षक को दोहराएँ.
- [A-B दोहराएँ]: चलाएँ दोहराने के लिए, या दोहराएँ मोड को बंद करने के लिए किसी अध्याय के भीतर दो बिंदु चिह्नित करें.
- [चित्र सेटिंग्स]: किसी पूर्वनिर्धारित रंग सेटिंग का चयन करें.
- [ऑडियो सिंक]: वीडियो से मेल खाने के लिए ऑडियो को विलंब करें.
- [2D to 3D]: 2D या 3D वीडियो का चयन करें.

## चित्र विकल्प

चित्र देखते हुए, चित्र पर ज़ूम करें, इसे घुमाएँ, एक स्लाइडशो एनीमेशन जोड़ें और चित्र सेटिंग्स को बदलें.

1 दबाएँ ☰ OPTIONS.
   ↪ चित्र विकल्प मेनू प्रकट होता है.

2 निम्नलिखित सेटिंग्स का चयन करने और बदलने के लिए नेविगेशन बटन और OK दबाएँ:
   - [+90 घुमाएँ]: चित्र को घड़ी की दिशा में 90 डिग्री घुमाएँ.
   - [-90 घुमाएँ]: चित्र को घड़ी की विपरीत दिशा में 90 डिग्री घुमाएँ.
   - [ज़ूम]: किसी वीडियो दृश्य या चित्र में ज़ूम करें. नेविगेशन बटन ज़ूम फ़ैक्टर का चयन करने के लिए (बाएँ/दाएँ) दबाएँ.
   - [जानकारी]: चित्र सूचना प्रदर्शित करें.
   - [अवधि प्रति स्लाइड]: स्लाइड शो में प्रत्येक चित्र के लिए प्रदर्शन गति का चयन करें.
   - [स्लाइड ऐनिमेशन]: स्लाइडशो के लिए ऐनिमेशन का चयन करें.
   - [चित्र सेटिंग्स]: किसी पूर्वनिर्धारित रंग सेटिंग का चयन करें.
   - [दोहराएँ]: किसी चयनित फ़ोल्डर को दोहराएँ.
   - [2D to 3D]: 2D या 3D फ़ोटो स्लाइडशो को देखें.

## संगीतमय स्लाइडशो

यदि चित्र और ऑडियो फ़ाइलें किसी समान डिस्क या USB संग्रहण डिवाइस से हैं, तो आप एक संगीतमय स्लाइडशो बना सकते हैं.

1 किसी ऑडियो ट्रैक का चयन करें और फिर OK दबाएँ.

2 ⮌ BACK दबाएँ और चित्र फ़ोल्डर पर जाएँ.

3 चित्र का चयन करें, फिर स्लाइडशो प्रारंभ करने के लिए ▶ (चलाएँ) दबाएँ.

4 स्लाइड शो बंद करने के लिए ■ दबाएँ.

5 संगीत बंद करने के लिए दोबारा ■ दबाएँ.

नोट

- सुनिश्चित करें कि चित्र और ऑडियो स्वरूप आपके होम थिएटर द्वारा समर्थित हो (देखें 'फ़ाइल स्वरूप' पृष्ठ पर 32).

# रेडियो

अपने होम थिएटर पर FM रेडियो सुनें, और 40 रेडियो स्टेशनों तक संग्रहीत करें.

नोट

- AM और डिजिटल रेडियो समर्थित नहीं हैं.
- अगर कोई भी स्टीरियो सिग्नल नहीं मिलता या अगर पाँच से कम स्टेशंस ही मिलते हैं, तो आपको रेडियो स्टेशंस पुनः स्थापित करने का संकेत दिया जाता है.

1 FM एंटीना को अपने होम थिएटर पर ANTENNA FM 75 Ω से कनेक्ट करें.

- सर्वोत्तम रिसेप्शन के लिए, ऐंटिना को हमेशा TV या विकिरण के अन्य स्रोतों से दूर लगाएँ.

2 तब तक स्रोत बटन दबाएँ, जब तक प्रदर्शन फलक पर RADIO प्रकट नहीं होता है.

↪ यदि आपने पहले ही रेडियो स्टेशन स्थापित कर लिए हैं, तो आपके द्वारा अंतिम बार सुना गया रेडियो स्टेशन चलता है.

↪ यदि आपने कोई रेडियो स्टेशन स्थापित नहीं किया है, तो प्रदर्शन फलक पर AUTO INSTALL... PRESS PLAY संदेश प्रदर्शित होता है. ▶ (चलाएँ) दबाएँ.

3 सुनने या रेडियो स्टेशन बदलने के लिए रिमोट कंट्रोल का उपयोग करें.

### बटन चलाएँ

| बटन | क्रिया |
|---|---|
| ⏮ / ⏭ या अक्षरांकीय बटन | किसी प्रीसेट रेडियो स्टेशन का चयन करें. |
| नेविगेशन बटन | बाएँ/दाएँ: किसी रेडियो स्टेशन को खोजें. ऊपर/नीचे: किसी रेडियो फ्रीक्वेंसी को फ़ाइन ट्यून करें. |
| ■ | रेडियो स्टेशंस की स्थापना रोकने के लिए दबाएँ. |
| ⮌ BACK | प्रीसेट रेडियो स्टेशन को मिटाने के लिए दबाए रखें. |
| ☰ OPTIONS | मैन्युअल: 1) ☰ OPTIONS दबाएँ. 2) अपने प्रीसेट का चयन करने के लिए ⏮ / ⏭ दबाएँ. 3) रेडियो स्टेशन संग्रह करने के लिए ☰ OPTIONS दबाएँ. स्वचालित: रेडियो स्टेशंस को पुन: स्थापित करने के लिए तीन सेकेंड के लिए दबाए रखें. |
| SUBTITLE | स्टीरियो और मोनो ध्वनियों के बीच टॉगल करें. |

### ग्रिड ट्यून करना

कुछ देशों में, आप FM ट्युनिंग ग्रिड को 50 kHz और 100 kHz के बीच टॉगल कर सकते हैं. जब आप ट्यूनिंग ग्रिड को स्विच करते है तो पहले से रीसेट सभी रेडियो स्टेशन्स मिटा दिए जाते हैं.

1 तब तक स्रोत बटन दबाएँ, जब तक प्रदर्शन फलक पर RADIO प्रकट नहीं होता है.

2 ■ दबाएँ.

3 50 kHz या 100 kHz के बीच टॉगल करने के लिए ▶ (चलाएँ) दबाएँ रखें.

## MP3 प्लेयर

ऑडियो फ़ाइलें चलाने के लिए MP3 प्लेयर कनेक्ट करें.

आपको क्या चाहिए

- एक MP3 प्लेयर.
- 3.5मिमी स्टीरियो ऑडियो केबल.

1 3.5मिमी स्टीरीयो ऑडियो केबल का उपयोग करके, MP3 प्लेयर को अपने होम थिएटर पर MUSIC iLINK कनेक्टर से कनेक्ट करें.

- यदि आप 6.5मिमी स्टीरियो ऑडियो केबल का उपयोग करते हैं, तो 3.5मिमी - 6.5मिमी कनवर्टर जैक का उपयोग करके MP3 प्लेयर को अपने होम थिएटर से कनेक्ट करें.

2 तब तक ♪ SOURCE दबाएँ, जब तक प्रदर्शन फलक पर MUSIC I-LINK प्रकट नहीं होता है.

3 ऑडियो फ़ाइलों के चयन और चलाने के लिए MP3 प्लेयर पर बटंस दबाएँ.

## iPod या iPhone

अपने iPod या iPhone से संगीत, फ़ोटो और वीडियोज़ चलाने के लिए Philips डॉक कनेक्ट करें.

आपको क्या चाहिए

- Philips डॉक (मॉडल: Philips DCK306x, अलग से बेचा गया): इसे खरीदने के लिए www.philips.com/welcome पर जाएँ
- एक पीला संयोजित वीडियो केबल.

1 Philips डॉक को अपने होम थिएटर पर DOCK for iPod कनेक्टर से कनेक्ट करें.

2 अपने TV पर अपने iPod या iPhone से स्लाइडशो देखने के लिए, पीले संयोजित वीडियो केबल का उपयोग करके डॉक को TV से कनेक्ट करें.

3 iPod या iPhone को स्विच ऑन करें और इसे डॉक पर स्थित करें.
   - होम थिएटर के iPod मोड में होने पर, आप अपने iPod/iPhone को dock पर चार्ज करें.

## संगीत चलाएँ

1 अपने iPod या iPhone को डॉक करें.

2 होम थिएटर के रिमोट कंट्रोल परDOCK for iPod दबाएँ.

3 संगीत का चयन करने के लिए अपनी iPod या iPhone स्क्रीन ब्राउज़ करें.

4 अपने iPod या iPhone पर संगीत चलाएँ.
   ↪ संगीत आपके होम थिएटर पर सुना गया है.

अपनी TV से ऑडियो सामग्री ब्राउज़ करें (विस्तृत मोड):

1 🏠 (होम) दबाएँ.

2 [iPod ब्राउज़ करें] का चयन करें और फिर OK दबाएँ.
   ↪ सामग्री ब्राउजर दिखाया गया है.

3 ऑडियो सामग्री को ब्राउज़ करने के लिए नेविगेशन बटन दबाएँ.

4 चलाना नियंत्रित करने के लिए प्ले बटंस दबाएँ (देखें 'बटन चलाएँ' पृष्ठ पर 14).
   - आपके iPod या iPhone पर स्थानीय कुंजियाँ अक्षम कर दी गई हैं.

5 डॉक मोड से बाहर निकलने के लिए, 🏠 (होम) दबाएँ.

## वीडियो और स्लाइडशो चलाएँ

1 अपने iPod या iPhone को डॉक करें (देखें 'iPod या iPhone' पृष्ठ पर 19).

2 होम थिएटर के रिमोट कंट्रोल परDOCK for iPod दबाएँ.

3 TV को AV/VIDEO स्रोत पर स्विच करें (पीली संयोजित केबल के अनुरूप).
   ↪ TV की स्क्रीन खाली हो जाती है.

4 iPod या iPhone स्क्रीन से, वीडियो या फ़ोटो स्लाइडशो ब्राउज़ करें और चलाएँ.
   ↪ वीडियो या फ़ोटो स्लाइडशो आपके TV पर प्रदर्शित किया गया है.

# स्मार्टफ़ोन नियंत्रण

iPhone (iOS 3.1.3 और आगे के संस्करण), Android फ़ोन (2.1 और आगे के संस्करण), iPad या टैबलेट जैसे अपने मोबाइल डिवाइस का उपयोग करें:

- अपने होम थिएटर को नियंत्रित करने के लिए
- डेटा डिस्क या USB संग्रहण डिवाइस ब्राउज़ करने के लिए
- FM रेडियो या इंटरनेट रेडियो पर स्विच करें
- अपनी ध्वनि सेटिंग्स को वैयक्तिकृत करें
- डिवाइसों से अपने होम थिएटर पर सामग्री स्ट्रीम और साझा करें

आप प्रारंभ करें इससे पहले

- अपने होम थिएटर, मोबाइल डिवाइस और अन्य DLNA-संगत डिवाइसेज़ को समान होम नेटवर्क से कनेक्ट करें.
   - बेहतर वीडियो गुणवत्ता के लिए, जब भी संभव हो वायर्ड कनेक्शन का उपयोग करें.
- अपने होम थिएटर के लिए नेटवर्क नाम को वैयक्तिक बनाएँ (देखें 'नेटवर्क नाम को व्यक्तिगत बनाएँ' पृष्ठ पर 13).
- Philips MyRemote अनुप्रयोग अपने मोबाइल डिवाइस पर डाउनलोड करें.
   - iPhone या iPad के लिए, App Store (App Store) में अनुप्रयोग खोजें.
   - Android आधारित फ़ोन या टैबलेट के लिए, Market (Market) में अनुप्रयोग खोजें.

## अपने होम थिएटर को नियंत्रित करने के लिए

1 मोबाइल डिवाइस पर, MyRemote अनुप्रयोग तक पहुँच प्राप्त करें.

2 होम स्क्रीन से अपने होम थिएटर का चयन करें (इसके नेटवर्क नाम द्वारा).
   ↪ स्क्रीन के नीचे की ओर एक ब्राउज़िंग पट्टी को प्रदर्शित किया गया है.
   - यदि आपका होम थिएटर नहीं मिलता है, तो फिर से खोजने के लिए नेटवर्क कनेक्शन जाँचें या अपने मोबाइल डिवाइस पर Devices टैब को टैप करें.

3 अधिक विकल्पों तक पहुँच प्राप्त करने के लिए, निम्न में से किसी एक टैब का चयन करें.

- पिछली स्क्रीन पर वापस जाने के लिए, वापस बटन दबाएँ.

| विकल्प | क्रिया |
|---|---|
| App Home | अपने डिवाइस की होम स्क्रीन पर वापस जाएँ. |
| Media | DISC: किसी डेटा डिस्क पर संग्रहीत फ़ाइल ब्राउज़ करें और चलाएँ.<br>USB: किसी USB संग्रहण डिवाइस पर संग्रहीत फ़ाइल को ब्राउज़ करें और चलाएँ.<br>FM radio: FM रेडियो पर स्विच करें.<br>Internet radio: इंटरनेट रेडियो पर स्विच करें. सुनिश्चित करें कि आपके होम नेटवर्क में इंटरनेट तक पहुँच हों. |
| Remote | अपने मोबाइल डिवाइस पर रिमोट कंट्रोल तक पहुँच प्राप्त करें. अधिक बटनों तक पहुँच प्राप्त करने के लिए स्क्रीन को बाएँ या दाएँ स्वाइप करें. आपके मोबाइल डिवाइस पर केवल प्रासंगिक बटन सक्षम किए गए हैं. कुछ फंक्शन जैसे कि स्टैंडबाय और लंबे समय तक दबाना, आपके मोबाइल डिवाइस पर उपलब्ध नहीं हैं. |
| Sound | MySound: आपकी पसंद के अनुरूप ध्वनि सेटिंग्स को वैयक्तिकृत करें.<br>Surround: सराउंड ध्वनि सेटिंग का चयन करें. |

4 किसी विकल्प का चयन करने या सेट अप पूर्ण करने के लिए ऑनस्क्रीन निर्देशों का अनुसरण करें.

## मल्टीमीडिया सामग्री स्ट्रीम करें (SimplyShare)

Philips SimplyShare, आपको मल्टीमीडिया सामग्री (जैसे कि चित्र, ऑडियो, और वीडियो फ़ाइलें) स्ट्रीम करने के लिए आपके स्मार्टफ़ोन का उपयोग करने और समान होम नेटवर्क में आपके होम थिएटर या किसी भी DLNA-संगत डिवाइस के माध्यम से चलाने की अनुमति देता है.

आप प्रारंभ करें इससे पहले

- अपने मोबाइल डिवाइस पर DLNA-संगत मीडिया सर्वर अनुप्रयोग स्थापित करें, जैसे कि Twonky मीडिया सर्वर.
- फ़ाइलों का मीडिया साझाकरण सक्षम करें. विवरणों के लिए, मीडिया सर्वर सॉफ़्टवेयर का उपयोगकर्ता मैन्युअल देखें.

1 मोबाइल डिवाइस पर मीडिया सर्वर अनुप्रयोग डाउनलोड करें. iPhone या Android फ़ोन के लिए, MyRemote अनुप्रयोग तक पहुँच प्राप्त करें.

2 अपने मोबाइल डिवाइस के मेनू से, SimplyShare चयन करें.

↳ आपके होम थिएटर और अन्य डिवाइसों का स्वचालित रूप से होम थिएटर पर पता लगाया जाता है और स्क्रीन पर प्रदर्शित किया जाता है.

3 नेटवर्क पर किसी डिवाइस का चयन करें.

↳ चयनित डिवाइस के फ़ोल्डर प्रदर्शित होते हैं. मीडिया सर्वर के आधार पर, फ़ोल्डर नाम भिन्न हो सकते हैं.

- यदि आप फ़ोल्डर्स नहीं देख सकते हैं, तो सुनिश्चित करें कि आपने चयनित डिवाइस पर मीडिया साझाकरण सक्षम किया है ताकि सामग्री साझाकरण के लिए उपलब्ध रहे.

4 चलाने के लिए मीडिया फ़ाइल का चयन करें.

5 अपने होम थिएटर से मीडिया फ़ाइल स्ट्रीम करने के लिए, अपने मोबाइल डिवाइस पर मेनू से होम थिएटर चयन करें.

- संगतता समस्याओं के कारण हो सकता है कि कुछ मीडिया फ़ाइलें प्रदर्शित न हों या न चलें. अपने होम थिएटर से, समर्थित फ़ाइल स्वरूप का चयन करें.

6 चलाने को नियंत्रित करने के लिए अपने मोबाइल डिवाइस का उपयोग करें.

# इंटरनेट रेडियो

अपने होम थिएटर के माध्यम से इंटरनेट रेडियो तक पहुँच प्राप्त करें.

1 अपने होम थिएटर को इंटरनेट पहुँच के साथ होम नेटवर्क से कनेक्ट करें (देखें 'होम नेटवर्क कनेक्ट करें और सेट करें' पृष्ठ पर 12).

2 ⌂ (होम) दबाएँ.

3 [इंटरनेट रेडियो] का चयन करें और फिर OK दबाएँ.

↳ इंटरनेट रेडियो पृष्ठ प्रदर्शित होता है.

4 किसी रेडियो स्टेशन का चयन, प्रीसेट बनाने या अपने पसंदीदा रेडियो स्टेशनों को सहेजने के लिए ऑनस्क्रीन निर्देशों का अनुसरण करें.

5 इंटरनेट रेडियो से बाहर निकलने के लिए ⌂ (होम) दबाएँ.

## एकाधिक दृश्य

कुछ Philips टीवी पर आप दो वीडियो स्रोतों को साथ-साथ देख सकते हैं. स्रोत हो सकते हैं:

- आपके होम थिएटर से वीडियो,
- टीवी प्रसारण.

एकाधिक दृश्य को स्थापित करने के लिए जानकारी प्राप्त करने हेतु अपनी टीवी प्रयोगकर्ता पुस्तिका (मैन्युअल) देखें.

## DLNA के द्वारा PC ब्राउज़ करें

अपने होम थिएटर के माध्यम से होम नेटवर्क पर किसी कंप्यूटर या मीडिया सर्वर से चित्र, ऑडियो और वीडियो फ़ाइलों तक पहुंच प्राप्त करें और उन्हें चलाएँ.

आप प्रारंभ करें इससे पहले

- अपने डिवाइस पर एक DLNA-अनुपालक मीडिया सर्वर अनुप्रयोग स्थापित करें. सुनिश्चित करें कि आप वह अनुप्रयोग डाउनलोड करते हैं जो कि आपके लिए सर्वश्रेष्ठ कार्य करता है. उदाहरण के लिए,
  - PC के लिए Windows Media Player 11 या उससे उच्चतम संस्करण
  - Mac या PC के लिए Twonky मीडिया सर्वर
- फ़ाइलों का मीडिया साझाकरण सक्षम करें. उपयोग में आसान बनाने के लिए, अपने निम्नलिखत अनुप्रयोगों के लिए चरणों को शामिल किया है:
  - Microsoft Windows Media Player 11 (देखें 'Microsoft Windows Media Player 11' पृष्ठ पर 22)
  - Microsoft Windows Media Player 12 (देखें 'Microsoft Windows Media Player 12' पृष्ठ पर 23)
  - Mac के लिए Twonky Media (देखें 'Macintosh OS X Twonky Media (v4.4.2)' पृष्ठ पर 23)

नोट

- इन अनुप्रयोगों या अन्य मीडिया सर्वर्स पर अतिरिक्त मदद के लिए, मीडिया सर्वर सॉफ़्टवेयर सॉफ़्टवेयर के उपयोगकर्ता मेनूअल जाँचें.

### मीडिया सर्वर सॉफ़्टवेयर सेट अप करें

मीडिया साझा करना सक्षम करने के लिए, मीडिया सर्वर सॉफ़्टवेयर को सेट करें.

आप प्रारंभ करें इससे पहले

